आज सुबह में पाँच बजे उठा । चोड़ी देर के लिए मैं आँगन में बैठा । कल शाम को जब हम शाहरुख़ खों की नई फिल्म देखने सिनेमा गए तो बारिश हुई थी लेकिन आज मैंने देखा कि आकाश साफ़ है। सुबह के समय चारों ओर शान्ति होती है। मुझे सुबह का समय बहुत पसंद है।

मैंने अपने लिए चाय बनाई। चाय पीने के बाद मैंने अपनी पत्नी को जगाया। चाय बनाना तो दो मिनट का काम है लेकिन मेमसाहब को जगाना दूसरी बात है। आख़िर में जब वह नीचे आई तो मैंने उसका नाश्ता तैयार किया। मैं तो नाश्ता कभी नहीं खाता, लेकिन गीता ज़रूर खाती। मैंने उसके लिए दो टोस्ट बनाए। उसने चाय पी, आधा केला भी खाया। उसने शिकायत की कि चाय में चीनी ज़्यादा । मैंने कहा कि तुम्हारी जिन्दगी में थोड़ी मिठास की ज़रूरत है।

1- Metinde geçen gramer kuralların analizini yaparak Türkçeye çevirmek.